Title : Need to provide TTE and RPF personnel in each sleeper class coach for the security of passengers.

श्री राजेन्द्र कुमार (हरिद्वार) : सभापति जी धन्यवाद। मैं आपके माध्यम रेल मंत्री जी के संज्ञान में ट्रेनों से संबंधित गंभीर तथ्य लाना चाहता हूं। जैसा कि सभी जानते हैं- द्वितीय श्रेणी के शयनयानों में लूटपाट, डकैती, हत्याएं और महिलाओं व युवा लड़कियों से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की संख्या तेजी से फैल रही है, जिसका मुख्य उदाहरण- श्रमजीवी एक्सप्रेस की जनरल बोगी में विस्फोट था। द्वितीय श्रेणी के शयनयानों में दैनिक यात्री (मासिक टिकटधारी) और अनधिकृत टिकट यात्री जबर्दस्ती यात्रा करते हैं और यात्रियों के साथ मारपीट व छेड़खानी इत्यादि करते हैं। इस पर रेल मंत्रालय अथवा रेल प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की जाती।

वर्ा 2004-05 की समय सारिणी (उत्तर, उत्तर मध्य व उत्तर पूर्व रेलवे) के पृठ सी-7 व सी-8 में द्वितीय श्रेणी के कर्तव्यों के अनुसार प्रत्येक कोच में टिकट निरीक्षक (टी.टी.ई.) का उपस्थित रहना अनिवार्य है, जिससे यात्रियों को पर्याप्त आराम एवं उनके सामान को सुरक्षा मिल सके, किन्तु अफसोस है कि कई कोचों को मिलाकर पूरी गाड़ी में केवल तीन-चार टी.टी.ई. ही होते हैं।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जनहित की सुरक्षा के लिए समय-सारिणी के अनुसार टी.टी.ई. का प्रत्येक कोच (शयनयान द्वितीय श्रेणी) में व्यवस्था करें साथ ही सभी कोचों में रेलवे सुरक्षा बल के सैनिकों की भी तैनाती करें।